
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# जगन्नाथ रथयात्रा मे शामिल होंगे गौतम अडानी, भक्तों के लिए शुरू की 'प्रसाद सेवा'.

Publisher Published on 28 Jun 2025



## पुरी मे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मे पंहुचे अडानी ग्रुप चेयरमैन, इस्कॉन के साथ मिलकर रोजाना 2 लाख भक्तों को परोसा जाएगा प्रसाद।

**भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मे पंहुचे गौतम अडानी**

**जगन्नाथ पूरी रथयात्रा :** ओडिशा के पुरी में 27 जून 2025 से शुरू हुई **भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा** में इस बार **उद्योगपति गौतम अडानी** भी शामिल हो रहे हैं।

अडानी ग्रुप के **चेयरमैन गौतम अडानी भुवनेश्वर** पहुंच चुके हैं और यहां से पुरी के लिए रवाना हो गए हैं। **देश-विदेश** से लाखों श्रद्धालु **पुरी मे रंथयात्रा के भव्य आयोजन** में हिस्सा ले रहे हैं।

**अडानी ग्रुप ने शुरू की 'प्रसाद सेवा'**

रथयात्रा के दौरान **अडानी ग्रुप ने इस्कॉन (ISKCON)** के साथ मिलकर **पुरी धाम** में भक्तों के लिए '**प्रसाद सेवा**' शुरू की है। इस सेवा का उद्देश्य **भक्तों को साफ, पौष्टिक** और **प्रेमपूर्वक भोजन** उपलब्ध कराना है। यह सेवा 8 जुलाई तक जारी रहेगी।

**गौतम अडानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व मे ट्विटर) पर लिखा :**

"यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और समर्पण का अनुपम उत्सव है। इस पुण्य अवसर पर अडानी परिवार पूरी निष्ठा और श्रद्धा से समर्पित है।"

**क्या मिल रहा है प्रसाद मे ?**

**दाल, चावल, सब्जी, चपाती, मिठाई, फल, जूस और शेक**

**रथयात्रा के दौरान हर दिन 2 लाख से ज्यादा लोगों को भोजन परोसा जा रहा है।**
**इस्कॉन** और **अडानी ग्रुप** ने मिलकर एक **मेगा किचन सेटअप** तैयार किया है, जो इस विशाल आयोजन की सेवा में जुटा है।

**रथयात्रा का महत्व और श्रद्धा**
**भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा ओडिशा** ही नहीं, **पूरे भारत** और **दुनियाभर मे भंक्ति, आस्था और समर्पण** का महापर्व माना जाता है।
हर साल पुरी में आयोजित यह यात्रा **12 दिन** तक चलती है और इसमें **करोड़ों श्रद्धालु सम्मिलित** होते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.